www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..'ashtriyasahara.com

संडे
लखनऊ
24 नवम्बर ● 2024

राष्ट्रीय सहारा

बहन मृणाल ने दिया संदेश
पेज-14

इस्लामाबाद किले में तब्दील सेना तैनात
पेज-13

पृष्ठ 14, मूल्य ₹ 4.00 राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण नगर संस्करण ■ लखनऊ ■ नई दिल्ली ■ गोरखपुर ■ पटना ■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव 2024 में भाजपा-महायुति को मिलि ऐतिहासिक विजय की हार्दिक बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन पर जनता-जनार्दन का आशिर्वाद है।

—योगी आदित्यनाथ, सीएम

विदेशों में रोजगार के लिए भाषा बड़ी चुनौती : अब्बास मेंहदी

फेयरस्ट्रीट ने किया नर्सिंग प्रतिभाओं का सम्मान

लखनऊ (एसएनबी)। वोरा ग्रुप की इकाई फेयरस्ट्रीट इंडिया के तत्वावधान में वोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज में समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एरा विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अव्वास मेंहदी ने कहा कि विदेशों में रोजगार की अपार संभावनाओं के वीच सवसे वड़ी चुनौती भाषा और सही मार्गदर्शन की होती है। इस दिशा में फेयरस्ट्रीट का कार्य सराहनीय है। हिन्द मेडिकल कालेज की चेयरपर्सन डा. ऋचा मिश्रा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में भारत की प्रगति ने सवका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लखनऊ उत्तर के विधायक एवं बोरा ग्रुप के चेयरमैन डा. नीरज बोरा ने की। इस दौरान फेयरस्ट्रीट इंडिया के प्रवंध निदेशक वत्सल बोरा ने कहा कि फेयरस्ट्रीट वर्तमान में स्नातक नर्सों को जर्मनी में काम करने का अवसर प्रदान कर उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस दौरान अध्यक्षीय वक्तव्य में विधायक डा. नीरज बोरा ने समकालीन वैश्विक परिदृश्य और भारत की भूमिका पर अपनी बात रखी। कार्यक्रम में जर्मन भाषा सीखने वाले नर्सिंग छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। फेयरस्ट्रीट के बिजनेस हेड सौरभ पांडेय ने उत्तर प्रदेश के युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने और आवेदन प्रक्रिया की जानकारी साझा की। इस अवसर पर एमएस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, डेज़ी नर्सिंग कॉलेज, समर्पण कॉलेज ऑफ नर्सिंग, बंसल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों के साथ ही बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड हेल्थ साइंसेज की प्राचार्य प्रो. शीला तिवारी मौजूद थी।